आइआइएम को मिला 650 सीटों की क्षमता वाला सभागार

13.56 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है भवन, राज्यसभा सदस्य परिमल नाथवानी ने किया भवन का उद्घाटन

जागरण संवाददाता रांची : भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) रांची को अपना पहला भवन सोमवार को मिला। इसमें 650 लोगों के बैठने की क्षमता है और आधुनिक आइटी तकनीकों, ऑडियो-वीडियो सुविधा से लैस है। सभागार पूर्ण रूप से वातानुकूलित है। नवनिर्मित भवन का उद्घाटन राज्यसभा सदस्य परिमल नाथवानी ने किया। आगामी 15 दिसंबर को आइआइएम अपना 12वां अपना दिवस इसी भवन परिसर में मनाएगा। अब तक संस्थान के समस्त छोटे-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किराये के भवन में किया जाता रहा है। परिमल नाथवानी ने उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत के शीर्ष प्रबंधन संस्थाओं में स्थान पाने वाली भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची के विश्व स्तरीय सेमिनार हॉल का उद्घाटन करना उनके लिए गर्व की बात है। विस्तार विकास निधि से 13.56 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 40,000 वर्ग फीट में फैले हुए इस ऑडिटोरियम की क्षमता 650 लोगों की है। सेमिनार हॉल शैक्षणिक विश्व और कारपोरेट को जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि वह आशा करते हैं कि सेमिनार हॉल लर्निंग सेंटर के रूप में उभरकर आएगा जहां भारत और समूचे विश्व से सिर्फ कंपनी के सीइओ व्यवस्था एक जगत के साथ और मैनेजमेंट गुरु आए। संस्थान के निदेशक ने कहा कि आइआइएम रांची कैंपस को विकसित करने के लिए संविदा वर्ष 2018 में की गई थी। दो साल में संस्थान को पहला भवन मिला है। इसका श्रेय टीम के सभी सदस्यों ठेकेदारों और सलाहकारों को जाता है। आइआइएम रांची में कोरोना और देशव्यापी लॉकडाउन जैसी चुनौतियों के बाद इस उपलब्धियों को हासिल किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भवन देश दुनिया के छात्रों के लिए शिक्षा के मंदिर के रूप में विकसित होगा। आइआइएम रांची के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पंड्या ने परिमल नाथवानी के प्रति आभार व्यक्त किया।



सेमिनार हॉल का आनलाइन उद्घाटन करते राज्यसभा सांसद परिमल नाथवाणी ● जागरण

भव्य है भवन : आइआइएम रांची का न्यू सेमिनार हॉल ● जागरण

Dainik Jagaran, 15.12.2020, Pg. 04